हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–78 : जौनपुर, मंगलवार 10 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम का खास दौरा : आज मेरठ होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मेरठ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी मंगलवार को क्रांति दिवस के अवसर पर मेरठ में 1857 की क्रांति के वीरों को नमन करेंगे। मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर से शाम 4:25 बजे पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद शहर में करीब सवा चार घंटे तक विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। रात 8:40 बजे कार द्वारा हिंडन एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी सीएम के कार्यक्रम की तैयारी में जुटे रहे। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके साथ ही शहीद स्मारक और विक्टोरिया पार्क पहुचंकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। नगर निगम ने सड़कों पर सफाई की और डाला रंग–बिरंगा चूना सीएम के आने की तैयारियों में नगर निगम ने पलक पावड़े बिछा दिए हैं। हालांकि उन्हीं मार्ग और इलाकों में विशेष स्तर पर सफाई की जा रही है जहां से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ गुजरेंगे। इन सभी इलाकों में सफाई करके रंग–बिरंगा चूना डाला गया। साथ ही जगह जगह हरियाली के लिए गमले लगाए गए हैं। इतना ही नहीं डिवाइडरों की पुताई और पेंटिंग का काम किया गया है। सोमवार को दिन भर नगर निगम अधिकारी सड़कों की स्वच्छता में जुटे रहे। अगर हम विक्टोरिया पार्क से सर्किट हाउस, कचहरी से शंकर आश्रम मार्ग, कमिश्नरी चौराहा से बच्चा पार्क, छतरी वाला पीर, जलीकोठी, शहीद स्मारक तक सड़कों को पूरी तरह गड्ढा मुक्त कर दिया गया। साथ ही मार्ग पर दीवारों पर चित्रकारी की गई। सड़क पर सोमवार



को भी दिन में पानी का छिड़काव किया गया। नगर निगम ने ही नहीं बल्कि एमडीए ने भी जगह जगह गमले रखवाकर मार्गों को सुंदर बनाने का काम किया। शहर के मार्गों पर लगे अवैध होर्डिंग भी हटवाए गए। नगर निगम ने क्षेत्र में उतार दी सफाई कर्मचारियों की फौज नगर निगम ने मुख्यमंत्री से जुड़े मार्ग और क्षेत्रों में अन्य वार्डों के सफाई कर्मचारियों को भी जुटा दिया। सोमवार को दिन भर सफाई कर्मचारी सड़कों पर काम करते मिले। शहीद स्मारक और जलकोठी चौराहा पर सफाई में 100 से अधिक कर्मचारी लगाए गए। पूरे इलाके को चकाचक कर दिया गया। कमिश्नरी आवास चौराहे पर लगायी स्क्रीन नगर निगम ने कमिश्नरी आवास चौराहा पर डिजिटल स्क्रीन लगाकर तैयार कर दी, जिसपर सरकारी योजना और स्वच्छत भारत मिशन का प्रचार प्रसार शुरू हो गया। इतना ही नहीं आईटीएमएस चौराहों से गुजरने वाली जनता को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि इसी स्क्रीन पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के अन्य सात चौराहों पर लगे आईटीएमएस का भी अवलोकन करेंगे। नगर निगम ने सभी चौराहों के आईटीएमएस को अपडेट कर लिया है।

## निवेश प्रोत्साहन के लिए मुंबई में खुलेगा यूपी का कार्यालय : पूरा होगा यूपी वासियों का उद्देश्य

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार मुंबई में रह रहे यूपी के लोगों को अपने राज्य से जोड़ने के लिए वहां एक कार्यालय खोलने जा रही है। इससे न केवल लोगों को अपने प्रदेश में निवेश करने का मौका मिलेगा, बल्कि उनके हितों की रक्षा व उनकी सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रस्तावित कार्यालय के जरिए मुंबई में रह रहे यूपी के लोगों को प्रदेश में पर्यटन, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं बताकर उन्हें यहां उद्यम लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उनसे विचार–विमर्श कर उनके लिए यहां एक अनुकूल व आकर्षक कारोबारी माहौल भी तैयार किया जाएगा। उन्हें यह बताया जाएगा कि यूपी में उनके उत्पादों या सेवाओं के लिए एक विशाल बाजार व मांग है। उनके लिए यहां निवेश करना लाभप्रद होगा। अन्य कामगारों के लिए प्रस्तावित कार्यालय से उनके हित की योजनाएं बनाई जाएंगी, जिससे उनके लिए किसी संकट की स्थिति में यूपी लौटने पर उन्हें यहां उनके अनुभव व क्षमता के अनुरूप रोजगार मिल सके। असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी इसी प्रकार के कदम उठाए जाएंगे, जिससे उनके हितों की रक्षा की जा सके। सबसे ज्यादा



हैं उत्तर भारतीय प्रवक्ता के मुताबिक मुंबई की 1.84 करोड़ की जनसंख्या में करीब 60 लाख उत्तर भारतीय मूल के लोग रहते हैं। इनमें यूपी के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। मुंबई में उद्योग, सेवा क्षेत्र, खुदरा व्यापार, ट्रांसपोर्ट, खाद्य व्यवसाय, फैक्टरी या मिल जैसे कई क्षेत्रों में यहां के लोगों का उल्लेखनीय योगदान है। उद्योग व स्टार्टअप के क्षेत्र में भी यूपी के लोग मुंबई में उल्लेखनीय कार्य रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, फिल्म, टेलीविजन, मैन्यूफैक्चरिंग, फाइनेंस, खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योगों में भी यूपी के उद्यमियों का बड़ा योगदान है। असंगठित क्षेत्र में भी यूपी के कामगारों की बड़ी संख्या है।

## दिल्ली पुलिस करेगी राजस्थान के मंत्री के बेटे पर दर्ज दुष्कर्म मामले की जांच : जीरो एफआईआर को प्राथमिकी में बदला

नई दिल्ली ब्यूरो : राजस्थान सरकार में मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी की मुश्किल बढ़ने वाली है। दिल्ली पुलिस अब खुद इस मामले में जांच करेगी। दुष्कर्म, अप्राकृतिक संबंध बनाने व अन्य आरोपों से घिरे मंत्री के बेटे के खिलाफ दिल्ली के सदर बाजार थाने में रविवार को जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी। दिल्ली पुलिस ने अब जीरो एफआईआर को रेगुलर एफआईआर तब्दील कर खुद ही मामले की जांच करने का मन बना लिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही रोहित को नोटिस देकर जांच में शामिल होने के लिए कहा जाएगा। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस मामले में मंत्री के बेटे रोहित की गिरफ्तारी भी कर सकती है। उत्तरी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना



है कि चूंकि आरोपी ने दिल्ली के सदर बाजार इलाके में भी पीड़िता के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इसलिए तय किया गया है कि दिल्ली पुलिस ही इस मामले की जांच करेगी।

## सी.एम.एस. शिक्षकों की उपलब्धियों का हुआ सम्मान धन्यवाद समारोह व चरित्र निर्माण मार्च का हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सी. एम.एस.) के शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक धन्यवाद समारोह का भव्य आयोजन आज सी.एमएस गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गुलाब देवी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि व शिक्षा मंत्री श्रीमती गुलाब देवीने कहा कि सी. एम. एस. सही मायनों में भावी पीढ़ी को जीवन निर्माण की शिक्षा दे रहा है, जिसके लिए डा. जगदीश गाँधी–व डा (श्रीमती) भारती गाँधी बधाई के पात्र हैं। सी. एम. एस. शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि डा गाँधी के नेतृत्व में सी.एम.एस. शिक्षकों द्वारा शिक्षित किये गये बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार लखनऊ का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर सी. एम.एस प्रेसीडेन्ट एवं एम डी प्रो. गीता गाँधी समेत सी.एम.एस. के सभी कैम्पस की प्रधानाचार्याओं ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स मे सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के शिक्षकों की वर्ष भर की अभूतपूर्व उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र किया। डा गाँधी ने कहा कि कोरोना संकट की विषम परिस्थितियों के बीच सी. एम. एस. शिक्षकों ने शैक्षिक क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उस पर समस्त सी.एम.एस परिवार गौरवान्वित है। डा गांधी ने बताया कि शैक्षिक सत्र २०२१–२२ में आईएससी तथा आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं में सीएमएम छात्रों ने अत्यन्त उच्चकोटि का परीक्षाफल देकर जो कीर्तिमान स्थापित किया है, वह प्रशंसनीय है। ३ छात्रों ने आई.ए.एस एवं ४ छात्रों ने पीसीएस परीक्षा में चयनित होकर मी एम एस का गौरव बढ़ाया है। नीएमएस के सर्वाधिक ६० छात्र आईआईटी में २८ छात्र मेडिकल परीक्षा में एवं सर्वाधिक ४७ छात्रों ने क्लेट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने का कीर्तिमान बनाया है। इसके अलावा, सीएमएस के सर्वाधिक ७६ छात्रों का अमेरिका, झलैण्ड, फास, जर्मनी आदि विभिन्न देशों की यूनिवर्सिटी में सलेक्शन हुआ है, जिनमें से ४८ छात्रों ने




स्कॉलरशिप के रूप में भारी धनराशि प्राप्त की है। इसी कड़ी में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्रालय की इंस्पायर योजना में सीएमएस के सर्वाधिक ८४ छात्र सफल हुए। सफल होने वाले प्रत्येक छात्र को ५ वर्षों के लिए रूपये ८०,००० प्रतिवर्ष अर्थात पांच वर्षों में रूपये ४,००,०००/– की स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इस प्रकार सीएमएस के ८४ छात्रों ने कुल रुपये ३३६ करोड की स्कॉलरशिप अर्जित की है। भारत सरकार की नेशनल टेलेन्ट परीक्षा (एनटीएस) में सीएमएस के सर्वाधिक ७ छात्र चुने गये हैं। भारत सरकार की किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना में भी सीएमएस के सर्वाधिक ७ छात्र चुने गये हैं। इसके अलावा, शैक्षिक स्तर एवं मूलभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का भव्य स्तर पर विकास किया गया है, जिनमें उच्च कोटि की लाइब्रेरी, विज्ञान की आधुनिक प्रयोगशाला, कम्प्यूटर रूम एवं छात्रों के लिए सुविधाजनक स्मार्ट क्लासरूम आदि शामिल है। डा. गाँधी ने सी. एम.एस. शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षकों ने नि स्वार्थ सेवा भावना की मिसाल कायम की है और अपने छात्रों को गुणवान व चरित्रवान बनाने के प्रयासों में कोई कमी नहीं छोड़ी है। सी.एम. एस के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल के ३००० से अधिक शिक्षक–शिक्षिकाओं ने आज मकदूमपुर पुलिस थाना से सी एम एस गोमती नगर ऑडिटोरियम तक विशाल चरित्र निर्माण मार्च निकालकर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण व नैतिक उत्थान की पुरजोर अपील की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवादों के अधिकतम वादों का निस्तारण हेतु मध्यस्थगण की बैठक आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर मदन पाल सिंह के मार्गदर्शन में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 10 मई 2022 को समय 01:00 बजे ए0डी0आर0 केन्द्र, जौनपुर में बैठक आहूत की गयी है। बैठक में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा बताया कि 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवादों का प्री–लिटिगेशन स्तर पर तथा समस्त शमनीय प्रकृति के आपराधिक व सिविल मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण सुलह–समझौते के माध्यम कराया जाना है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन (वाद–पूर्व) स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जल बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), भरण–पोषण वाद तथा अन्य प्रकार के आपराधिक शमनीय व सिविल वाद तथा विभिन्न न्यायालयों में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जलकर बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित) पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति परिलाभां से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर



निस्तारित होने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। बैठक में मध्यस्थ अधिवक्तागण श्रीमती बीना श्रीवास्तव, शत्रुधन मौर्य, अखिलेश श्रीवास्तव, डा0 दिलीप कुमार सिंह, सुबाष चन्द्र यादव, संजय कुमार उपाध्याय, एस0एम0यू0के0 हसन सिद्दीकी उपस्थित रहे।

### डॉ अर्चना शुक्ला बनी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जनपद जौनपुर की समाजसेविका, सक्रिय नेतृत्व एवं शीर्ष नेतृत्व की भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश के मछलीशहर में रहने वाली डॉ अर्चना शुक्ला को उनके सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली सामाजिक संस्था दीनदयाल फाऊंडेशन की राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया स संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय ने बताया की डॉ अर्चना शुक्ला ने समाज में अपनी सक्रियता के दम पर लोगों में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं इसलिये डॉ अर्चना शुक्ला जी को संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सामिल किया गया एवं वहीं जौनपुर के वरिष्ठ समाजसेवी जो समाज हित में राष्ट्र हित में लगातार कई वर्षों से कार्यरत हैं श्री कृपाशंकर श्रीवास्तव जी को उत्तर प्रदेश प्रवक्ता पद पर नियुक्त किया गया स वहीं पर संस्था से जुड़ने के बाद जब कुशल नेतृत्व अर्चना शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में मानव सेवा सर्वोपरि है जनता की सेवा के लिए हम सदैव समर्पित रहेंगे उस संस्था के तमाम पदाधिकारियों सहित माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का विदेश से आभार प्रकट करते हैं कि आपने मुझे जो राष्ट्रीय नेतृत्व सौंपा है मैं उसका पूरी तरीके से निर्वहन करूंगी .दोनों विशेष नियुक्तियों से संस्था के सभी पदाधिकारियों में अपार हर्ष का माहौल बना है स संस्था के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा ढेर सारी बधाइयाँ एवं शुभकामनायें दी स वहीं पर दीनदयाल फाउंडेशन संस्था के राष्ट्रीय प्रचारक जयप्रकाश तिवारी ने डॉ अर्चना शुक्ला को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सेंध काटकर घर से नगदी समेत एक लाख के जेवर चोरी



सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना स्थित पारा बाजार चौकी क्षेत्र के इसौली रोड़ पारा बाजार में बीती रात चोरों ने घर के पीछे दीवार में सेंधा लगाकर नगदी और जेवर चुरा लिए।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की।इसौली रोड़ पारा बाजार निवासिनी अकबरी पत्नी पुरदिल ने बताया कि आज रात वह बरामदे में सो रहे थे। रात में चोरों ने घर के पीछे सेंध लगा दी। चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर 4 हजार रुपये,पायल,दो सोने की कील,सोने की मंगलसूत्र, सोने की झाला समेत लगभग एक लाख के जेवर चुरा लिए। सुबह सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच भी की।

## सड़क के किनारे गिरे वृक्ष को वन माफियाओं ने अवैध आरा मशीन पर बेचा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बीते दिनों क्षेत्र में आए आंधी तूफान से सुल्तानपुर पारा मार्ग पर चककारी भीट के समीप गिरे वृक्ष को वन माफियाओं ने चोरी से उठाकर आरा मशीन पर बेंच दिया। सूत्र बताते हैं की उक्त मार्ग पर सीशम महुआ आदि सरकारी वृक्ष लगे हैं गति दिवस आए तेज आंधी तूफान के कारण पेड़ गिर गया था वही इस गिरे हुए पेड़ पर वन माफियाओ की नजर पड़ गई और बिना विभाग को जानकारी देते हुए उक्त पेड़ को चुपके से उठाकर निकट रसूलपुर के अवैध आरा मशीन पर बेच दिया। क्षेत्र के लोगों ने इसकी शिकायत करते हुए वन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

## रेड क्रॉस की बैठक केलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में रेड क्रॉस की बैठक केलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि सभी सदस्यों के द्वारा बहुत अच्छे से कार्य किया जा रहा है। बैठक में यूनिफॉर्म रूल्स के आधार पर सभापति डॉ0 आर0 के0 सिंह, उपसभापति



अमित गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष के पद पर डॉक्टर संदीप पांडेय का चयन किया गया। रेड क्रॉस के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि 21 जून को गांव–गांव में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। लीलावती अस्पताल में बन रहे रेड क्रॉस भवन के उद्घाटन के संबंध में चर्चा हुई। अध्यक्ष रेड क्रॉस के द्वारा निर्देशित किया गया कि टी.बी. रोगियों को चिन्हित किया जाए और उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया जाए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के सदस्यों को बढ़ाने की कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, सचिव रेडक्रास मनोज वत्स, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, डॉ राजीव यादव, संतोष सिंह, विमला सिंह, अर्चना शुक्ला, शशिकांत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जीवन मेरा–मेरा करें मर जानें से बेहतर है तेरा–तेरा करें तैर जाना।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आंबेडकर ने की थी वकालत, अब मोदी सरकार लागू करने की तैयारी में

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जब 1951 में बहस शुरू हुई, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री की निष्क्रियता के विरोध में आंबेडकर ने नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। आंबेडकर ने यूसीसी की वकालत की, पर उन्हें सभी पक्षों की आलोचना सुननी पड़ी। अब मोदी सरकार उसे लागू करने की तैयारी में है।

अंग्रेजों ने 187 साल पहले एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें भारतीय कानूनों के संहिताकरण में एकरूपता की सख्त जरूरत पर बल दिया गया था। उसमें समाज में स्थिरता और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों (पर्सनल लॉ) को हटाने की सिफारिश की गई थी। पर्सनल लॉ में वृद्धि के कारण ब्रिटिश सरकार को 1941 में हिंदू कानूनों के संहिताकरण के लिए बी. एन. रॉव कमेटी गठित करने के लिए बाध्य होना पड़ा। उसकी सिफारिशों के आधार पर हिंदुओं, बौद्धों, जैनों और सिखों के बीच बिना वसीयत वाले या अनिच्छुक उत्तराधिकार से संबंधित कानून में संशोधन और संहिताकरण के लिए 1956 में एक विधेयक को हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के रूप में अपनाया गया था, हालांकि, मुस्लिम, ईसाई और पारसियों के लिए अलग–अलग पर्सनल लॉ थे। विवाह, तलाक, संरक्षण, उत्तराधिकार और संपत्ति के स्वामित्व को नियंत्रित करने वाले कई हिंदू पारिवारिक कानूनों को 1950 के दशक के दौरान अधिनियमित किया गया था, हालांकि कुछ वर्गों का विरोध जारी रहा।

अब मोदी सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुख्य मुद्दे को निष्पादित करने का मन बना लिया है, जिसे केंद्र और भाजपा शासित राज्यों द्वारा 2024 के संसदीय चुनावों में फायदा उठाने के लिए लागू किए जाने की संभावना है।

आरएसएस और भाजपा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को यूसीसी के पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन का काम सौंपा है, जो जल्द ही इसे तार्किक परिणति तक पहुंचाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करेंगे। कैबिनेट की पहली बैठक में उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसका वादा भाजपा के घोषणापत्र में किया गया था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि सरकार विशेषज्ञ समिति की अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा करेगी और इसे व्यवस्थित तरीके से लागू करेगी, ताकि किसी भी तरह का 'विभाजन या तनाव' पैदा न हो। अदालतों ने भी अक्सर अपने फैसलों में कहा है कि एकरूपता के लिए सरकार को समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश भी उत्तराखंड की राह पर जाएगा। हिमाचल के मुख्यमंत्री के मुताबिक, राज्य की स्थिति अन्य प्रांतों से अलग है और इससे मुसलमानों को नुकसान नहीं होगा। बल्कि मुस्लिम महिलाओं को इससे लाभ होगा, क्योंकि तब उनके पास जीने के लिए एक स्वस्थ पारिवारिक जीवन होगा।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रस्तावित समान नागरिक संहिता पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इसे देश की विविधता के लिए खतरा बताया है। उसने कहा है कि समान नागरिक संहिता भारतीय समाज के बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक चरित्र को खतरे में डाल सकती है, इसलिए इसे टाला जाना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने भी केंद्र की कार्यशैली पर संदेह जताते हुए कहा है कि समान नागरिक संहिता के जरिये समाज में भेदभाव फैलाने की कोशिश की जा रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, आरएसएस चाहता है कि सरकार समान नागरिक संहिता पर एक विधेयक पेश करने के लिए कदम उठाए और प्रस्तावित संहिता के बारे में गलतफहमी दूर करने के अलावा नागरिक समाज संगठनों को भी साथ ले। आरएसएस जानता है कि हिंदुओं में भी कुछ वर्ग ऐसे हैं, जिन्हें इस संहिता को लेकर संदेह और चिंताएं हैं। आरएसएस ने आम सहमति बनाने के लिए जनजातीय समुदायों को विश्वास में लेने की जरूरत पर भी बल दिया है, क्योंकि आदिवासियों के पास विवाह, पूजा, अंतिम संस्कार और विरासत से संबंधित सदियों पुराने रीति–रिवाज हैं। आदिवासी अपने पर्सनल लॉ को छोड़ना पसंद नहीं करेंगे, जो आरएसएस को दुविधा में डाल सकते हैं, इसलिए भाजपा को सावधानी से चलना होगा।

याद किया जा सकता है कि बी. आर. आंबेडकर ने संविधान बनाते समय कहा था कि समान नागरिक संहिता वांछनीय है, पर फिलहाल इसे स्वैच्छिक रहना चाहिए, और इस प्रकार संविधान के मसौदे के अनुच्छेद 35 को राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के एक भाग के रूप में संविधान के भाग प्ट में अनुच्छेद 44 के रूप में जोड़ा गया था। सभी समुदायों के लिए समान नागरिक संहिता के बारे में एक बहस 1951 में शुरू हुई, जब आंबेडकर ने हिंदू कोड बिल पर तत्कालीन प्रधानमंत्री की निष्क्रियता के विरोध में नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। आंबेडकर ने समान नागरिक संहिता की वकालत की, पर उन्हें हिंदुओं और मुसलमानों, कांग्रेस और आरएसएस सहित सभी पक्षों की आलोचना सुननी पड़ी।

अब आरएसएस का इरादा समान नागरिक संहिता के जरिये सभी को समान कानून के दायरे में लाना है, क्योंकि विभिन्न समुदायों को अलग–अलग पर्सनल लॉ से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ, केंद्र पहले ही भारत के 21वें विधि आयोग से समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जांच करने और उस पर सिफारिशें करने का अनुरोध कर चुका है। उत्तराखंड यह संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य नहीं होगा, क्योंकि गोवा पुर्तगाली नागरिक संहिता, 1867 का पालन कर रहा है, जिसे समान नागरिक संहिता भी कहा जाता है।

भाजपा ने 2019 के संसदीय चुनाव के अपने घोषणापत्र में कहा था कि अगर वह सत्ता में आती है, तो समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे पहले इसकी मांग आरएसएस और बाद में जनसंघ द्वारा उठाई गई थी और इसे 1998 में भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा बनाया गया था। भाजपा का तर्क है कि वह धर्मनिरपेक्षता का विरोध नहीं करती है। लेकिन यह भी सच है कि समान नागरिक संहिता आरएसएस का मुख्य मुद्दा रही है। पिछले साल एनडीए ने साहसिक कदम उठाते हुए संसद में तीन तलाक की प्रथा रद्द करने के लिए विधेयक पारित किया था, जिसे समान नागरिक संहिता के संकेत के रूप में देखा गया था।

विश्लेषकों का मानना है कि मोदी सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए खुद को तैयार किया है, पर समाज में सामाजिक ताने–बाने को बनाए रखने के लिए आम सहमति बनाई जानी चाहिए और अपने राजनीतिक हित साधने के लिए संबंधित धार्मिक या सामाजिक समूहों को अलग–थलग नहीं किया जाना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# किसान गन्ने के बेधक कीटों के प्रति रहें सतर्कः संजय भूसरेड्डी

जौनपुर सू.वि. : गन्ना विकास विभाग ने प्रदेश के गन्ना किसानों को आगाह करते हुए कहा कि अप्रैल माह से गन्ने की फसल में कीटों का प्रकोप प्रारम्भ हो जाता है, इस समय बसन्तकालीन गन्ने की फसल जमॉव अथवा व्यॉत की अवस्था में होती है। जिसमें गन्ने की पत्तियॉ एवं तने अपेक्षाकृत मुलायम होते हैं, जिससे विभिन्न बेधक कीट गन्ने की फसल को नुकसान पहुॅचाते हैं। विभाग नें किसानों को सलाह दिया कि इस समय किसान भाई अपने फसल की नियमित निगरानी करें तथा कीट एवं उसके लक्षण दिखने पर यथा शीघ्र नियंत्रण करें। एडवाइजरी में बताया गया है किगन्ने के अंकुर बेधक कीट का प्रकोप माह अप्रैल से जून तक अधिक तापक्रम की दशा में होता है। इसकी सूड़ी मटमैले रंग की होती है तथा पीठ पर पॉच बैंगनी रंग की धारियॉ पायी जाती हैं। इसकी सूड़ी पौधों के गोंफ को खाती हुई नीचे की तरफ जाती है जिसकी वजह से गोफ सूख जाती है जिसे मृतसार कहते हैं। मृतसार को आसानी से बाहर खींचा जा सकता है जिसमें सड़न जैसी गन्ध आती है। इसके यॉत्रिक नियन्त्रण हेतु प्रभावित पौधों को सूंड़ी/प्यूपा सहित काटकर नष्ट कर दें तथा नियमित अंतराल पर फसल की सिंचाई करते रहें। रासायनिक नियंत्रण के अन्तर्गत किसान भाई बुआई के 45 दिन के पश्चात प्रति हेक्टेअर की दर से फिप्रोनिल 40 प्रतिशत + इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत डब्लू.जी. की 500 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेअर की दर से 1000 लीटर पानी के साथ मिलाकर ड्रेचिंग कर सिचाईं करें अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई.सी. घोल की 5.0 ली. मात्रा 1875 लीटर के साथ मिलाकर प्रति हेक्टेअर की दर से खेत में ड्रेचिंग कर सिचाईं करें। अप्रैल के अन्तिम सप्ताह अथवा मई के प्रथम सप्ताह में क्लोरेन्ट्रेनिलिप्रोल (कोराजन) 18.5 एस.सी. का 375 मिली मात्रा का 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर नैपसेक स्प्रेयर से जड़ों के पास ड्रेन्चिंग करने के उपरान्त सिंचाई कर दें। जैविक नियत्रण के द्वारा भी हम इस कीट को नियंत्रित कर सकते हैं जिस हेतुअण्ड परजीवी ट्राइकोग्रामा काइलोनिस की 50,000 वयस्क/हे. की दर से 10 दिन के अन्तराल पर अवमुक्त करें तथा गन्ने के खेतों में माह मार्च से 20 से 30 मीटर की दूरी पर 10 फेरोमोन ट्रैप प्रति एकड़ की दर से अंकुर बेधक के ल्यूर के साथ ट्रैप में पानी व केरोसिन या डीजल ऑयल डाल कर स्थापित करें। इससे नरशलभ आकर्षित होकर मर जायेंगे। इस समय चोटी बेधक कीट का प्रकोप कुछ क्षत्रों में दिखाई दे रहा है इसलिए किसान भाई विशेष सतर्कता रखें। इस कीट के लक्षण के बारे में बताया कि प्रभावित गन्ने की पत्ती की मध्य शिरा पर लालधारी निशान तथा गोंफ के किनारे की पत्तियों पर गोल छर्रे जैसा छेद पाया जाता है। इस कीट की कुल पांच पीढ़ियां (फरवरी–मार्च/अप्रैल–मई/जून–जुलाई/अगस्त–सितम्बर/सितम्बर–फरवरी) पायी जाती है। एक पीढ़ी का जीवन काल लगभग 02 माह का होता है तथा इसकी तीसरी पीढ़ी से अधिक नुकसान होता है और तीसरी एवं चौथी पीढ़ी के प्रकोप से गन्ने में बढ़वार रूक जाती है तथा सिरे पर नये कल्ले निकल आने से बन्चीटॉप का निर्माण हो जाता है। एक अण्ड समुह में लगभग 75 से 250 अण्डे पाये जाते है। सूड़ी हल्के पीले रंग की होती है जिसपर कोई धारी नहीं होती है। नियंत्रण हेतु किसान



पत्तियों की निचली सतह पर चोटी बेधक के नांरगी रंग के अण्ड समूह (एगमॉस) दिखाई देने पर उसे शीघ्र काटकर नष्ट कर दें तथा इस कीट की माह मार्च, अप्रैल व मई में प्रथम एवं द्वितीय पीढ़ी से प्रभावित पौधों में मृतसार बनने पर पौधों को जमीन की सतह से सूड़ी या प्यूपा सहित काटकर नष्ट कर दें।अप्रैल के अन्तिम सप्ताह अथवा मई के प्रथम सप्ताह में प्रति एकड़ की दर से क्लोरेन्ट्रेनिलिप्रोल 18.5 एस.सी. की 150 मिली मात्रा का 400 लीटर पानी में घोल बनाकर नैपसेक स्प्रेयर से जड़ों के पास ड्रेन्चिंग करने के उपरान्त सिंचाई कर दें। अथवा बुआई के 45 दिन के पश्चात फिप्रोनिल 40 प्रतिशत + इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत डब्लू.जी. 500 ग्राम मात्रा को 1000 लीटर पानी के साथ घोल बनाकर प्रति हेक्टेअर ड्रैन्चिंग करने के उपरान्त सिंचाई कर दें। चोटी बेधक कीट के जैविक नियन्त्रण हेतु अण्ड परजीवी ट्राइकोग्रामा जपोनिकम की 50000 वयस्क प्रति हेक्टेअर की दर से मई के दूसरे पक्ष से 10 दिन के अन्तराल पर गन्ने की पत्तियों पर प्रत्यारोपित करें। गन्ने के खेतों में माह मार्च से 20 से 30 मीटर की दूरी पर 10 फेरोमोन ट्रैप प्रति एकड़ की दर से चोटी बेधक के ल्यूर के साथ ट्रैप में पानी व केरोसिन/डीजल ऑयल डाल कर स्थापित करें। इससे नरशलभ आकर्षित होकर मर जायेंगे। जड़ बेधक कीट गन्ने के जड़ को भी नुकसान पहुॅचाता है, इसकी सूड़ी का रंग सफेद, पीठ पर कोई धारी नहीं तथा सिर का रंग गहरा भूरा होता है। इस कीट का प्रकोप अप्रैल से अक्टूबर तक होता है। यह कीट गन्ने के नवजात पौधों एवं गन्नों को नुकसान पहुॅचाता है। जड़ बेधक के नियंत्रण हेतु किसान बुआई के समय बवेरिया बैसियाना व मेटाराइजियम एनीसोपली की 5.0 किग्राप्रति हेक्टेअर की दर से मात्रा 1 या 2 कुन्टल सड़ी हुई प्रेसमड या गोबर की खाद में मिलाकर पहली बरसात के बाद डालकर गुड़ाई करें तथा रासायनिक नियंत्रण हेतु प्रति हेक्टेअर की दर से क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई.सी. 5.0 लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.एल. 500 मिली को 1875 लीटर पानी के साथ घोल बनाकर आवश्यकतानुसार बुआई के समय अथवा प्रकोप के समय लाइनों में ड्रैन्चिंग करने के उपरान्त सिंचाई कर दें। विभाग द्वारा माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर में गन्ने की फसल में लगने वाले कीटों के प्रति भी किसानों को आगाह किया तथा बताया कि इन महीनों में गन्ने में पोरी बेधक, तना बेधक, प्लासी बेधक तथा गुरदासपुर बेधक का प्रकोप गन्ने की फसल में होता है जब गन्ने कीबढ़वार बहुत तीव्र गति से होती हैं। इन कीटों के नियंत्रण हेतु अपर मुख्य सचिव ने बताया कि मानोक्रोटोफॉस 36 प्रतिशत एस.एल. 1875 मिली मात्रा को 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेअर की दर से छिड़काव करें तथा गुरदासपुर बेधक के नियंत्रण के लिए माह जून के द्वितीय सप्ताह तथा अगस्त में प्रति हेक्टेअर की दर से प्रोफेनाफॉस 40 प्रतिशत + साइपरमेन्थ्रिन 4 प्रतिशत ई.सी. अथवा क्वीनालफॉस 25 प्रतिशत ई.सी. का 1000 मिली मात्रा को 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। इन कीटों के जैविक नियंत्रण हेतु बताया कि अण्ड परजीवी ट्राइकोग्रामा काइलोनिस को 50,000 वयस्क प्रति हेक्टेअर की दर से 10 दिन के अन्तराल पर माह जुलाई से माह अक्टूबर तक अवमुक्त करें।गन्ने के खेतों में 20 से 30 मीटर की दूरी पर 10 फेरोमोन ट्रैप प्रति एकड़ की दर से अलग–अलग बेधक कोटों के ल्यूर के साथ ट्रैप में पानी व केरोसिनध्डीजल ऑयल डाल कर स्थापित करें। इससे नर शलभ आकर्षित होकर मर जायेंगे।किसानों को सलाह दिया कि संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें, जल निकास की उचित व्यवस्था करें, जलीय प्ररोहों का उन्मूलन करें तथा माह अगस्त एवम् सितम्बर में गन्ने की सूखी पत्तियों को पत्र कंचुक सहित निकालें। प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी श्री संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा प्रदेश के किसानों को बेधक कीटों के प्रति सचेत रहने एवं उनके रोक–थाम के उपाय ससमय करने की सलाह दी है ताकि उनको अधिक से अधिक उपज प्राप्त हो। उक्त जानकारी जिला गन्ना अधिकारी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# पूर्व विधायक वीरेश की दो मुकदमों में जमानत मंजूर : अन्य मामले में बेल पर 13 मई को होगी सुनवाई

अलीगढ़ ब्यूरो : दादों थाने के 25 साल पुराने दो मुकदमों में आत्मसमर्पण कर जेल गए पूर्व विधायक वीरेश यादव की जमानत अर्जी मंजूर कर ली गई है। हालांकि, अभी दो अन्य मुकदमों में जमानत होना शेष है, इसलिए अभी उनकी रिहाई नहीं हो सकेगी। इधर, सोमवार को पूर्व विधायक की एसीजेएम प्रथम के न्यायालय में पेशी हुई, जहां दो मुकदमों का वारंट उन पर तामील कराया गया। वहीं शेष मुकदमों में से एक में जमानत पर सुनवाई के लिए 13 मई तारीख नियत कर दी गई है। समाजवादी पार्टी के चार बार के पूर्व विधायक वीरेश यादव चार मई को एमपीध्एमएलए मामलों की विशेष अदालत एडीजे–4 मनीषा कोर्ट में कुर्की आदेश पर आत्मसमर्पण कर गए। वहां से उन्हें जेल भेजा गया। अदालत ने दादों के हमले के दो मुकदमों में आज तक हाजिर न होने पर उनके खिलाफ कुर्की आदेश जारी किया था। इसके अलावा एसीजेएम न्यायालय में भी उन पर दो मुकदमे दादों थाने से जुड़े विचाराधीन हैं। वीरेश यादव के अधिवक्ता ने एडीजे न्यायालय में विचाराधीन दोनों मुकदमों में उसी दिन जमानत अर्जी दायर कर दी थी, जिस पर सुनवाई के लिए आज सोमवार की तारीख नियत थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता चंद्रशेखर दीक्षित, बार अध्यक्ष जगदीश सारस्वत, पूर्व डीजीसी अबसार किदवई के अनुसार वीरेश को दादों के वर्ष 1997 के कालीचरण द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में जमानत दे दी गई है। अभी 1998 के दर्शन सिंह की ओर से दर्ज हमले के मुकदमे में जमानत पर समय लिया गया



है, जिस पर न्यायालय ने 13 मई तारीख नियत कर दी गई। इस बात की तस्दीक एडीजीसी कुलदीप तोमर ने भी की है। इधर, चंद्रशेखर दीक्षित के अनुसार एसीजेएम प्रथम की अदालत में चल रहे दादों के ही 1997 गाली–गलौज व धमकी के मुकदमे में भी जमानत मंजूर कर ली गई है। थाने में पुलिस पिटाई का मुकदमा भी तामील अधिवक्ता चंद्रशेखर दीक्षित के अनुसार पूर्व विधायक को सोमवार को एसीजेएम–प्रथम की अदालत के तलबी आदेश पर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन पर दादों का वर्ष 1997 का गाली गलौज व धमकी का मुकदमा तामील कराया गया। इसके अलावा एसीजेएम द्वितीय की अदालत में विचाराधीन 1996 का थाने में पुलिस पिटाई का मुकदमा भी एसीजेएम प्रथम की अदालत में सुना गया। उस मुकदमे को भी पूर्व विधायक वीरेश पर तामील किया गया। अब उसमें जमानत अर्जी दायर की जाएगी।

# ऑपरेशन तरुण के तहत जिले की ट्रैफिक पुलिस ने स्कूली वाहन चालकों को किया जागरूक


गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा के निर्देश पर एसपी ट्रैफिक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण में ऑपरेशन तरुण के तहत ट्रैफिक विभाग के ट्रैफिक इंस्पेक्टर व ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने आज जिले के विभिन्न स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें और बच्चों को बस से उतरने से पहले कंडक्टर पहले उतर जाए उसके बाद बच्चों को एक–एक कर सुरक्षित उतारा जाए इसमें किसी तरीके की कोताही या लापरवाही न बरती जाए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। एसपी ट्रैफिक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि स्कूल बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए आज ऑपरेशन तरुण चलाया गया । जिसमें जिले के ट्रैफिक इंस्पेक्टर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने आज स्कूल वाहनों का निरीक्षण कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति



जागरूक किया गया हमारी कोशिश है कि मार्ग दुर्घटना के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही से हम बचे और बड़ी दुर्घटना को टाल सकते हैं ऐसे में जल्दबाजी ना करें सुरक्षित वाहन की सवारी करें और सुरक्षित घर पहुंचे।

# मिशन शक्ति 4.0 के तहत मिशन शक्ति टीम ने दिया प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : मिशन शक्ति 4.0 के तहत मिशन शक्ति की टीम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के निर्देशन में मंगलवार को महिलाओं सुरक्षा एवं जागरुकता के सम्बन्ध में पुलिस लाइन सभागार में समस्त महिला बीट पुलिस, नगर में नियुक्त समस्त महिला पुलिस अधिकारीगण व कर्मचारीगण को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में थानाध्यक्ष लाइनबाजार किरण मिश्रा द्वारा बताया कि किस प्रकार से एंटी रोमियो स्क्वायड महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करता है अगर कोई महिला या कोई बालिका किसी ऐसी स्थिति में फंसी है तो वह एंटी रोमियो स्क्वायड नंबर पर फोन करके अपनी समस्या बता सकती हैं। उन्होंने 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी बालिका या महिला को अश्लील वीडियो अथवा सड़क पर आते जाते छेड़ता है या उसे किसी भी प्रकार से परेशान करता है तो वह 1090 पर कॉल करके अपनी समस्या बता सकती है, यह 1090 कॉल उसे संबंधित थाने पर फॉरवर्ड करके उस महिला की समस्या का समाधान किया जाता है। उन्होनें यह भी बताया कि जनपद में पिंक बूथ बने हैं जो महिलाओं की सुरक्षा करते हैं। पिंक बूथ पर कोई भी महिला जाकर महिला सिपाही से अपनी समस्या बता कर समस्या का निवारण पा सकती हैं। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक बबीता द्वारा प्रशिक्षण में 1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताते हुए कहा कि मैं खुद इस नंबर का इस्तेमाल एक बार स्वयं के लिए की हूं और मुझे पूरी तरह से सहायता भी मिली है। इस दौरान उन्होंने 181 महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि 181 पर घरेलू हिंसा से पीड़ित कोई भी महिला शिकायत दर्ज कर सकती है यदि महिला चाहती है कि उसका नाम गोपनीय रखा जाए तो उस व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा वन स्टॉप सेंटर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी करंजाकला के परिसर में बनाया गया है जिसमें एक छत के नीचे महिलाओं को पांच तरह की सुविधाओं से आच्छादित किया जाता है। यदि कोई पीड़ित महिला वहां पहुंचती है तो वहीं पर उसका एफआरआई रिपोर्ट दर्ज की जाती है, उसका मेडिकल करवाया जाता है, 05 दिन का शेल्टर देने के साथ ही उसके रहने–खाने की व्यवस्था वन स्टॉप सेंटर में की जाती है। यदि महिला घरेलू हिंसा का शिकार है तो दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता का भी कार्य वन स्टॉप सेंटर में किया जाता है। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, महिला सम्मान व महिला स्वालंबन के बारे में बताते हुए कहा कि इन्हीं तीन शब्दों में संपूर्ण मिशन शक्ति समाहित है – जैसा कि सभी जानते हैं कि महिला सुरक्षा को लेकर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कई टोल फ्री नंबर चलाए गए हैं, जो महिला व बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्य करते हैं। इस अवसर पर जिला संमन्वयक बबीता व महिला थानाध्यक्ष किरण



मिश्रा ने बताया कि आज के परिवेश में नारी का सम्मान व स्वालंबन बहुत ही आवश्यक है, नारी सम्मान तभी पाएगी जब वह शिक्षित होगी और शिक्षित हो करके आत्मनिर्भर बनेगी। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित कर रहे हैं जिसके द्वारा एक बालिका अच्छी शिक्षा प्राप्त करके आत्मनिर्भर बन सकती है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई का पूरा खर्चा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाया जाता है, जिसे छह चरणों में संपादित किया जाता है जिसमें प्रथम चरण में बेटी के जन्म पर रु. 2000 की धनराशि, द्वितीय चरण में टीकाकरण पर रु. 1000 की धनराशि, तृतीय चरण में कक्षा 01 में प्रवेश के उपरांत रु. 2000 की धनराशि, चतुर्थ चरण में कक्षा 6 में प्रवेश पर रु. 2000 की धनराशि, पंचम चरण में कक्षा 9 में प्रवेश पर रु. 3000 एवं 10वीं व 12वीं की परीक्षा उत्तीण, डिप्लोमा अन्य कोर्स में प्रवेश लेने पर 5000 की धनराशि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बेटियों को दी जा रही है, जिससे वे अपनी पढ़ाई को सुचारू रूप से चला सके। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत सरकार द्वारा कोविड में अनाथ हुए बच्चों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रु. 4000 की धनराशि बच्चों की पढ़ाई के लिए दी जाती है। बाल सेवा योजना सामान्य के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 मार्च 2020 के उपरांत यदि किसी माता या पिता की मृत्यु हो गई हो अथवा माता–पिता दोनों की मृत्यु हो गई हो ऐसी स्थिति में रु. 2500 की धनराशि बच्चे के खाते में प्रदान की जाती है। अपराध पीड़ित महिला कोष के बारे में बताते हुए जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने बताया कि भारतीय दंड संहिता अधिनियम के तहत यदि किसी महिला पर तेजाब फेंक कर उसे गहरी चोट पहुंचाई गई हो तो 10 वर्ष का दंड का प्रावधान है उसमें क्षतिपूर्ति धनराशि के रूप में पीड़िता को मिलती है, यदि पीड़िता की मृत्यु हो गई है तो बच्चों को अथवा अगर बच्चे उनके नाबालिग है तो ऐसी स्थिति में उनके माता–पिता को क्षतिपूर्ति धनराशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि इसके तहत प्रथम चरण में यदि 10 से 30 प्रतिशत जलने के मामले में रु. 3 लाख की क्षतिपूर्ति दी जाती है। 30 प्रतिशत से अधिक पर 5 लाख की क्षतिपूर्ति दी जाती है और यदि तेजाब के हमले के कारण मृत्यु हो गई है तो 10 लाख रुपए की धनराशि दी जाती है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि महिला की दहेज के कारण मृत्यु हो जाती है तो 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है और पीड़िता के बच्चे को धनराशि दी जाती है। यह सब बताते हुए कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन 4.0 चलाया जा रहा है ताकि हम सभी महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन को स्थिरता प्रदान हो, समाज में सुरक्षा की भावना महसूस हो और वे आत्मनिर्भर बन सके।

# चक्रवात 'असानी' का असरः दो दिन बाद वाराणसी में बारिश के आसार : तेज हवा चलने और बादल छाए रहने का अनुमान

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में आज आसमान में हल्के–फुल्के बादल हैं। इसी के 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल रही है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। वाराणसी में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री गिरकर 37.7 डिग्री पर आ गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी 67: के आसपास बनी हुई है। चक्रवात असानी का असर बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में भी देखने को मिलेगा। यहां 11 और 12 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में चमक के साथ तेज तूफानी हवाओं की चेतावनी भी जारी की गई है। पूर्वी उप्र में 14 मई तक बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, आजमगढ़, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया समेत आसपास के पूर्वी



जिलों में 14 मई तक हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय में बताया कि वाराणसी में भी चक्रवात 'असानी' के कारण 11 से 13 मई तक बादल छाए रहने के साथ ही तेज हवा संग बारिश के भी आसार हैं।


## शासन की प्राथमिकता से संबंधित विकास कार्यक्रमो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता से संबंधित विकास कार्यक्रमो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में गो–आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि अधिकारियों के द्वारा महीने में 02 बार गो–आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने भूसा टेंडर, केयर टेकर एवं सहभागिता योजना की जानकारी ली और कहा कि आश्रय स्थल पर किसी भी प्रकार की समस्या न रहे। निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों को समीक्षा के दौरान पाया कि पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस के कार्य धीमी गति से हो रहे है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिया और कहा कि तेजी लाये अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जाएगी। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत सहायकों के सहयोग से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला स्तरीय अधिकारी गाँव में भ्रमण करे और गांव की साफ सफाई देखे और रिपोर्ट दे। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर मलिन बस्तियों की साफ–सफाई की जाये, कही भी जलजमाव की स्थिति न रहें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता बनी रहे, कोई भी दवा बाहर से न लिखी जाएं। चिकित्सको की उपस्थिति बायोमेट्रिक से ली जाए। अस्पताल में मरीजों से अच्छा व्यवहार किया जाए और उनके लिए आधारभूत सुविधा की उचित व्यवस्था रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा राशन वितरण की समीक्षा की गई और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर अगले 02 दिन में गाँव मे दिव्यांग, विधवा, भूमिहीन परिवारों का राशन कार्ड बनवाया जाए और अपात्रों का नाम काटकर पात्र लाभार्थियों का नाम दर्ज कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में एक रजिस्टर अवश्य बन जाये जिसके प्रत्येक परिवार के द्वारा ली जा रही सुविधाओं को अंकित किया जाए। आयुष्मान कार्ड के बनाने में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। सामुदायिक शौचालय के सम्बंध में निर्देश दिया कि जितने भी शौचालय बन गए है, शत–प्रतिशत उपयोग में आए। मुख्यमंत्री सामुहिक योजना में 151 शादियो का लक्ष्य मिला है जिसके सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराये। पंचायत भवनों में लेखपाल, सचिव, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी, ग्राम प्रधान बैठे और सबका रोस्टर चस्पा कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षो को निर्देश दिया कि राज्यवार प्रगति में जनपद अच्छे जनपदों को श्रेणी में रहे अन्यथा की स्थित में प्रतिकूल प्रविष्टि देने की कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा चाकू से मारकर हत्या करने वाले 07 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ, श्री अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में आपराधियों की गिरफ्तारी, अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि.मड़ियाहूँ द्वारा हमराही पुलिस बल के सहयोग से मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 02/03.05.22 की रात्रि में थाना हाजा क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर घमहा में एक व्यक्ति को चाकू से मार पीट कर हत्या कर देने वाले अभियुक्तो मे से 02 अभियुक्त मंगेश यादव व राहुल यादव को दिनांक 09.05.2022 की दोपहर में सत्तीमाई मन्दिर सई नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.04.2022 की घटना में मृतक कमलेश यादव व शिवा से पुर्व मे अभियुक्तों से मारपीट हुयी जिसका प्रतिशोध में अभियुक्तो द्वारा चाकुओ से गोद कर हत्या किया गया। अभियुक्तो के पास से घटना मे प्रयुक्त की गयी मोटर साईकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों से अन्य अभियुक्तो के बारे में पूछा गया तो बताये कि साहब आज हम लोग नेपाल से मन्दिर मे दर्शन करने के बाद वापस आ रहे थे हम लोग यहाँ से भुभुवार के पास स्थित काली माता की मन्दिर पर मिलने का प्रोग्राम बनाया है वहीँ पर अभी सब लोग इकठ्ठा होंगे वहा पर हम लोगो को पहुंचने के बाद पार्टी करने का प्रोग्राम है। इस समय वो लोग काली माता की मन्दिर पर ही होगे। इस सूचना पर थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर भुभवार गांव के पास स्थित काली माता मन्दिर के पास से अभियुक्तगण 1. विशाल यादव, 2. अनिकेत यादव, 3. रोहित चौहान, 4. आकाश चौहान, 5. नन्दू पाल पुत्र सुरेश पाल को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से घटना में प्रयुक्त की गयी तीन मोटर साईकिले बरामद की गयी तत्पश्चात अभियुक्त मंगेश यादव की निशान्देही पर मुकदमा उपरोक्त की घटना कारित करने में प्रयुक्त दो चाकू बरामद किया गया है। बाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण को जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मंगेश यादव पुत्र संग्राम यादव निवासी ग्राम गनेशपुर थाना बरसठी, जौनपुर। 2. अनिकेत यादव पुत्र महेन्द्र लाल यादव निवासी ग्राम नयापुर, राजपुर थाना बरसठी, जौनपुर। 3. नन्दू पाल पुत्र सुरेश पाल नि. ग्राम बरबसपुर थाना बरसठी, जौनपुर। 4. विशाल यादव पुत्र अवधनाथ यादव निवासी ग्राम गनेशपुर थाना बरसठी, जौनपुर। 5. राहुल यादव पुत्र जगनरायण यादव निवासी ग्राम महमूदपुर, मैनपुर थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 6. रोहित चौहान पुत्र





हवलदार चौहान नि. जियनपुर, कादीपुर थाना मडियाहू, जौनपुर। 7. आकाश चौहान पुत्र तहसीलदार चौहान नि. जियनपुर, कादीपुर थाना मडियाहूँ, जौनपुर। आपराधिक इतिहास अभियुक्त मंगेश यादव पुत्र संग्राम यादव के विरूद्ध– 1. मु0अ0स0 114/2020 धारा 147, 148, 307, 308, 323,120बी भा0दवि0 थाना बरसठी जनपद जौनपुर 2. मु0अ0स0 152/2018 धारा 323,504 भा0दवि0 व 3(1)द,ध SC ST एक्ट थाना बरसठी जनपद जौनपुर 3. मु.अ.सं. 106/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मडियाहूँ, जौनपुर 4. मु0अ0स0 134/22 धारा 147,148,149,323,302 भा0दवि0 थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 143/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मडियाहूँ, जौनपुर आपराधिक इतिहास अभियुक्त रोहित चौहान व आकाश चौहान के विरूद्ध– 1. मु0अ0स0 0092/2019 धारा 323,336,504,506 भा0दवि0 व 3(1) SC/ST Act थाना मडियाहूँ, जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0स0 134/22 धारा 147,148,149,323,302 भा0दवि0 थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास अभियुक्त विशाल यादव के विरूद्ध– 1. मु0अ0स0 114/2020 धारा 147, 148, 307, 308, 323, 120बी भा0दवि0 थाना बरसठी, जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0स0 134/22 धारा 147,148,149,323,302 भा0दवि0 थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः– 1. प्र. नि. श्री किशोर कुमार चौबे थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2. व.उ.नि. घनश्याम शुक्ल,नि. कश्यप कुमार सिंह,उ.नि. सन्तराम यादव,हे.का. सुधीर दूबे, हे. का. कृष्ण मुरारी यादव,का. दीपक यादव,का. देवेन्द्र कुमार,का. राजन भानु,का. जितेन्द्र देव पाण्डेय,का. प्रवीण मिश्रा थाना मडियाहूँ, जौनपुर।

## मंडलीय अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला के साथ सफाईकर्मी ने किया दुष्कर्म

मिर्जापुर ब्यूरो : पेट दर्द व अन्य समस्या होने पर मंडलीय अस्पताल में भर्ती एक महिला के साथ वहां कार्य करने वाले स्वीपर ने महिला वार्ड के बाथरूम में दुष्कर्म किया। आठ मई को उसे महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद वह घर चली गई। दो दिन बाद सोमवार की रात को वह जिला महिला अस्पताल आई तो सारी बात पति को बताई। सूचना पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय एक महिला सात मई को पेट दर्द व अन्य समस्या होने पर मंडलीय अस्पताल आई थी। अस्पताल के महिला वार्ड में उसे भर्ती कर दिया गया। जहां उसने बताया कि वह गर्भवती है। सात मई की रात को वह बाथरूम में कपड़ा बदलने गई तो वहां मौजूद सफाई कर्मी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आठ मई की सुबह रेफर होने के बाद वह घर चली गई। 9 मई की रात को पेट दर्द होने पर उसे जिला महिला अस्पताल लाया गया। जहां पेट में गर्भ के मृत होने के कारण उसका इलाज किया गया। रात को उसने पति को दुष्कर्म की बात बताई। महिला ने बताया कि सात मई को मंडलीय अस्पताल के महिला वार्ड में पहुंची तो बाथरूम में कपड़ा बदलने के दौरान सफाईकर्मी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि घटना वाले दिन सफाईकर्मी ने उसके पति को शराब पिलाई थी। पीड़िता का कहना है कि पति ने सफाईकर्मी को फोन किया तो उसने दुष्कर्म करना भी स्वीकार किया। उसके बाद पति ने पुलिस को सूचना दी। शहर कोतवाल अरविंद मिश्रा ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़िता का बयान लिया। वहीं, सूचना मिलने पर एडीएम शिव प्रताप शुक्ला, एएसपी सिटी संजय कुमार वर्मा, सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। एएसपी सिटी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि महिला का बयान दर्ज किया गया है। उसने बताया है कि बाथरूम में स्वीपर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

## जर्जर भवन का बारजा गिरा :एक मजदूर घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली थाना क्षेत्र के ख्वाजगी टोला मोहल्ले में भोर में लगभग 5:00 बजे जर्जर मकान का बारजा गिर जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना के ठीक पीछे नवाब यूसुफ रोड पर चांद मेडिकल स्टोर के पास घनश्याम साहू पिता स्व०छोटेलाल साहू का मकान है स्थानीय लोग



बताते हैं कि यह करीब 80 वर्ष पुराना मकान है और यह मकान काफी जर्जर हो चुका था। परिवार की आपसी खींचतान की वजह से इसका मरम्मत व देखभाल ना होने से इसका बारजा काफी कमजोर हो गया था। जो अचानक मंगलवार की भोर में लगभग 5:00 बजे भरभरा कर गिर गया जिससे उसी के नीचे बैठा हुआ एक मजदूर छुट्टन उम्र 45 वर्ष मोहल्ला सिपाह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन में स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल इलाज हेतु ले गए जहां पर उसका इलाज चल रहा है। बताते हैं की उसी मकान में किरायेदारों की दुकाने है। उसी किरायेदारों के चबूतरे पर मजदूरों का सुबह लगभग 6:00 बजे से जमावड़ा शुरू हो जाता था,जो अपनी रोजी रोटी के लिए वहां पर इकट्ठे होते थे। गनीमत है कि यह हादसा सुबह के लगभग 8 या 9:00 बजे के बीच नहीं हुआ नहीं तो ना जाने कितने लोग काल के गाल में समा जाते । लिंक रोड होने की वजह से इस गली मे सुबह से ही काफी चहल–पहल शुरू हो जाती है और रात लगभग 11:00 बजे तक भीड़ से भरी रहती है। उसी रास्ते से स्कूल, कार्यालय, सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन जाने वाले की भीड़ रहती हैं। गिरे हुए बारजे का मलवा देखकर लोग सहमे हुए हैं और ऊपर वाले का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि यह घटना भोर में हुआ अन्यथा ना जाने कितने मासूमों की जाने चली जाती।

## शराब के ठेकों पर आबकारी विभाग के निरीक्षण से मचा हड़कंप

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार की शाम को निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में शराब के देशी, विदेशी व बीयर के ठेकों पर निरीक्षण से हड़कंप मचा रहा। कस्बा पाली स्थित शराब की दुकानों पर आबकारी विभाग की टीम ने गोपनीय तरीके से ओवर रेट, स्टॉक आदि को लेकर जाँच की जिसमें आबकारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह द्वारा देशी



विदेशी शराब पर ओवर रेट,स्टॉक आदि को लेकर जांच की गई और अवैध व नकली शराब के खिलाफ शिकंजा कसा गया। सभी ठेका संचालकों को समय पर दुकान खोलने और बंद करने के लिए निर्देशित किया गया। आबकारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कस्बा पाली के बस स्टैंड स्थित देशी विदेशी शराब के साथ बीयर के ठेकों पर जांच की और शराब की बोतलों का होलोग्राम स्कैन कर चेक किया। इसके साथ ही दुकानों में सीसीटीवी कैमरों समेत स्टाक रजिस्टर भी चेक किये गए। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर शराब का स्टॉक मानक अनुसार पाया गया। इस दौरान ठेकों के सेल्समैनों को शख्त हिदायत दी गई है कि यदि कोई ओवर रेट लेते हुए पकड़ा गया तो ठेके के सेल्समैन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जांच के दौरान ग्राहकों से भी ओवर रेट के बारे में जानकारी ली गई। जांच के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं मिली, कुछ कमी मिलने पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।आपको बता दें कि क्षेत्र में बेहतर कार्यशैली के लिए चर्चित कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार आबकारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह द्वारा आये दिन क्षेत्र के देशी विदेशी शराब के साथ बीयर के ठेकों का बारीकी से निरीक्षण को लेकर ठेकों के सेल्समैनों में दहशत व्याप्त है।

## आजाद मंच की प्रदेश अध्यक्ष रागिनी अवस्थी ने स्वामी विद्या चेतन से की भेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजाद मंच की प्रदेश अध्यक्ष रागिनी अवस्थी ने स्वामी विद्या चेतन से मुलाकात कर स्वामी जी से विविध



धार्मिक एवं सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। आजाद मंच की प्रदेश अध्यक्ष रागिनी अवस्थी ने बताया कि वर्तमान समय में सवर्ण आयोग की बहुत आवश्यकता है। सरकार बात करती हैं सबका साथ सबका विकास फिर भेदभाव क्यों सवर्ण के बच्चों ने क्या गुनाह किया। मीटिंग में किसान मंच के अध्यक्ष शेखर दीक्षित, कुलदीप अवस्थी, संजीव द्विवेदी मौजूद रहे।

## राष्ट्रहित में पत्रकारिता की भूमिका अहम''– अतुल कपूर

सीतापुर। (अम्बरीष कुमार सक्सेना) जिला पंचायत के नेहरू सभागार में मंगलवार को मीडिया कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मीडिया कर्मियों को ग्रामीण विकास की तस्वीर दिखाई गई। अतिथियों का सम्मान भेंट कर किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह व मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव की मौजूदगी में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकार पंकज सिंह ने कहा कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीण पत्रकारों को सही आंकड़े नहीं देते हैं। योजनाओं के जब तक पत्रकारों को सही आंकड़े नहीं मिल पाएंगे तो समाज के अंतिम व्यक्ति तक कैसे लाभ मिल सकेगा। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व समाज के विकास में मीडिया की अहम भूमिका है। गांवों के विकास के लिए सभी को जुटना है, इसके लिए सभी तैयार रहें। कहा कि सरकार ने तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। बस हम सभी को इन योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी गांवों तक पहुंचाने में ग्रामीण मीडिया की बड़ी भूमिका रही है। विधायक ने कहा कि 'ग्रामीण मीडिया कार्यशाला' में कहा कि सरकार की योजनाओं में जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों के लिए पत्रकार सबसे बड़े मददगार हैं। सरकार की तमाम योजनाएं गांव–गरीब तक पहुँच रही इसमें ग्रामीण मीडिया की बड़ी भूमिका है। समाज और सरकार के लिए सबसे बड़ी उम्मीदें हैं।कहा कि ग्रामीण पत्रकार स्तंभ हैं। समस्याओं के निस्तारण में उनकी बहुत बड़ी भूमिका है। ग्रामीण मीडिया कार्यशाला वार्तालाप में पत्रकारों को संबोधित करते हुए लखनऊ मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री अतुल कपूर ने कहा जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में मीडिया एक सेतु का काम करती है। अपने समाज पर समाचार पत्रों का विशेष प्रभाव है। पत्रकारों को चाहिए कि वे राष्ट्रहित व समाज कल्याण में सकारात्मक पत्रकारिता को बल दें। श्री अतुल कपूर ने पत्रकारों को संबोधित करते




हुए कहा कि पत्रकारों की कलम कभी नहीं कांपती, विकट परिस्थितियों में भी वे अपनी अभिव्यक्ति से समाज को एक दिशा देते हैं। इसलिए जनता में राष्ट्रीय चेतना पैदा करने के लिये उन्हें हमेशा प्रयत्नशील रहना होगा। आरपी सरोज भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि पीआइबी सरकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार की एक नोडल एजेंसी है, जो सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में एक सेतु का काम करती है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सीतापुर जिला अध्यक्ष धीरेंद्र श्रीवास्तव ने ग्रामीण मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता तक सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी तरीके से प्रचार–प्रसार के लिए जरूरी है कि पीआइबी और मीडिया के बीच संबंधों को मजबूत किया जाये। इसके लिये आवश्यक है कि पीआइबी की पहुंच दिल्ली या राज्य की राजधानियों के पत्रकारों तक सीमित न रहे, बल्कि जिले और निचले स्तर तक काम करने वाले पत्रकारों तक इसका विस्तार किया जाये। कार्यक्रम का उदेश्य विकासात्मक रिपोर्टिंग है। एक दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी सत्र के दौरान पीआइबी से संबंधित जानकारी पत्रकारों को उपलब्ध करायी गयी एवं ग्रामीण व विकासात्मक पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार दिये। इस मौके पर मोहित मिश्रा, नीरज शर्मा, संदीप श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश, मणिकांत त्रिपाठी, राजबंशी ,बीके सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकार पंकज सिंह, डॉक्टर अल अहमद ,पीआइबी के निदेशक आर पी सरोज , डॉक्टर योगेंद्र सिंह आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्र छात्राओं को किया गया टैबलेट टॉकिंग डिवाइस का वितरण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्र–छात्राओं को टेबलेट–टाकिंग डिवाइस का वितरण किया गया। आज ब्लॉक संसाधन केन्द्र टोडरपुर में पूर्ण दृष्टि दिव्यांग बच्चों के उपयोगार्थ एक्सेसबेल(टाकिंग डिवाइस)का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि श्याम बाबू त्रिवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र कुमार गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी टोडरपुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष जूशिसं टोडरपुर अमित कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दिव्यांग छात्र गोलू पुत्र अरुण कुमार प्रा.वि. रेभा दौलतपुर वि.क्षे.टोडरपुर,दिव्यांग छात्रा राम रोशनी पुत्री श्रीपाल प्रा.वि.चेना,दिव्यांग छात्रा मोनी देवी पुत्री सोने सिंह प्रा.वि.फत्तेपुर गयन्द को टेबलेट(टाकिंग डिवाइस) प्रदान किया।विशेष दिव्यांग शिक्षिका अर्चना द्विवेदी ने बच्चों को टेबलेट के उपयोग के बारे में बताया।दिव्यांग बच्चों व उनके माता–पिता ने टेबलेट प्राप्त कर अतिथियों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी ने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया




कि वर्तमान सरकार सामान्य बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ दिव्यांग बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए गम्भीर व संकल्पित है।इस अवसर खण्ड शिक्षा अधिकारी टोडरपुर अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों का पास के सरकारी स्कूल में नामांकन कराने का भी अनुरोध किया तथा उपस्थित सभी गणमान्य जनों का कार्यक्रम में समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जूशिसं टोडरपुर अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव, स्पेशल एजूकेटर अर्चना द्विवेदी,प्र.अ.सतीश चंद्र गुप्ता, शिक्षक राजेश्वर, राजेंद्र प्रसाद, जयश्री, सुरजीत कुमार लेखाकार टोडरपुर शैलेश राठौर, जीतेश,धर्मेंद्र कुमार एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## द्वार पूजा के दौरान हर्ष फायरिंग में वृद्ध की मौत : चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

गाजीपुर ब्यूरो : गाजीपुर में सुहवल थाना क्षेत्र मुरतपुरवां गांव में सोमवार की देर रात द्वारपूजा के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूल्हे के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है। मुहम्मदाबाद कोतवाली के चकशाह मोहम्मद उर्फ मलिकपुरा गांव के धनंजय कुशवाहा की बरात मुरतपुरवां गांव निवासी सियाराम कुशवाहा के घर आई थी। आवभगत के बाद बराती नाचते हुए द्वार पूजा के लिए निकल पड़े। इसी दौरान किसी बराती द्वारा हर्ष फायरिंग की गई, लेकिन गोली फंस गई। गोली निकालते समय पास खड़े बरात में आए लक्ष्मण कुशवाहा (60) के पेट में गोली जा लगी। गंभीर अवस्था में घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया, लेकिन वृद्ध की रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। इधर, घटना की जानकारी



होते परिवार के लोग रोते– बिलखते थाने पहुंच गए। दूल्हे के भाई मनोज कुशवाह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। थानाध्यक्ष तारावती ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

## टहलने निकले वृद्ध पर मधुमक्खियों ने बोला हमला : गई जान

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र में बभनी थाना क्षेत्र के रंदह गांव में मंगलवार की सुबह टहलते समय मधुमक्खियों के झुंड के हमले में वृद्ध की जान चली गई। रंदह गांव निवासी जब्बरशाय (65) सुबह नदी की तरफ से टहलने गए थे। रास्ते में एक पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता था। किसी पक्षी ने छत्ते पर चोंच मार दिया। जिससे मधुमक्खियां भड़क गई थीं। इसी बीच जब्बरशाय रास्ते से गुजर रहे थे। मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। वह भागकर घर पहुंचे और बेहोश हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तब तक दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान संजय कुमार यादव को दी। मधुमक्खियों के हमले में पशुपालक की मौत गाजीपुर में शादियाबाद थाना क्षेत्र के सुलतानीपुर गांव में मधुमक्खियों के हमले में पशुपालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी सत्यनारायण यादव (65) देर शाम गांव के बाहर पोखरे पर पशुओं को चराने गए थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। पशुपालक के शोर मचाने पर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे।फिर उनको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया लाया गया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बीकापुर जनपद अयोध्या का तहसील स्तरीय पत्रकार सम्मेलन हुआ संपन्न

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या जनपद में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. इकाई बीकापुर द्वारा ब्लाक सभागार में आयोजित किया तहसील स्तरीय वार्षिक पत्रकार सम्मेलन।कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप देकर किया कार्यक्रम का उदघाटन। पत्रकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शेख मोहम्मद इसहाक ने संचालन किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं लेखनी के माध्यम से समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलमकारो को आयोजक मंडल द्वारा अंग वस्त्र, कलम डायरी और घड़ी देकर सम्मानित किया गया। बदलते परिवेश में पत्रकारों का दायित्व विषय पर आयोजित संगोष्ठी पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देव बक्श वर्मा ने किया। तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने पत्रकारिता और इससे जुड़े लोगों की प्रशंसा किया और सहयोग का भरोसा दिया तथा कहा कि बदलते परिवेश में पत्रकारिता बहुत ही जिम्मेदारी और चुनौतीपूर्ण कार्य है। पत्रकार अपने दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी से समाज हित में लेखनी चला कर रहे है। लेकिन कभी–कभी विसंगति पैदा हो जाती है। जिसके लिए पुष्टिकृत होने पर ही खबरों का प्रकाशन किया जाना चाहिए। फिर भी भ्रष्टाचार को उजागर करने, राष्ट्र,व समाज को स्वस्थ मजबूती प्रदान करने एवं पीड़ितों और जरूरतमंदों की आवाज उठा कर शासन प्रशासन तक उनकी बात पहुंचाने की जिम्मेदारी कलमकार ही निभाते चले आ रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने अपनों से बड़ों का सहयोग लेने तथा पत्रकारिता के साख को कायम रखने पर बल दिया। उमेश चौधरी वरिष्ठ सर्जन ने पत्रकारों के कार्य को बहुत चुनौतीपूर्ण बताया और कहा कि पत्रकार ईमानदारी के साथ समाज हित में अपनी लेखनी को आगे चलाते रहें जिससे समाजवाद देश का उत्थान हो सके। उन्होंने पत्रकारों को हर संभव मदद देने की बातें कही। देव बक्श वर्मा जिला अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन मे कहा कि पत्रकारों की समस्या और समाधान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करता रहूंगा। पत्रकारों के दायित्व और कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता की साख को कायम रखना बड़ी चुनौती है। आज जो चुनौतियां हैं वह अपनों से हैं। सही बात जनता के बीच परोसने की है, विश्वास का है, लेखनी की धार का है, संयम का है, चुनौतियों से कभी घबराना नहीं चाहिए। पत्रकार सत्ता का विपक्ष होता है। लेकिन पत्रकार को सत्ता का भोपू नहीं होना चाहिए। पत्रकार को पांच तत्वों पर काम करना चाहिए खबर को सूंघने की शक्ति होना चाहिए, दुरुस्त मूल्यांकन करना चाहिए, नैतिक साहस, विषय पर पकड़ होना चाहिए, लिखने का कौशल होना चाहिए और समाचार लिखते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि कब, कहां, क्यों, कैसे, कौन का समावेश खबरों में होना चाहिए। हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कलम चलाना चाहिए। उप जिलाधिकारी बीकापुर संदीप कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ सुभाष वर्मा, ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी,जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद, किसान नेता मायाराम वर्मा, शेर बहादुर शेर, संगठन के तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, केएस मिश्रा, कुमकुम भाग्य, संध्या सिंह, कुमकुम यादव अंबिका मिश्रा, सुनील सिंह एडवोकेट, राजेंद्र पाठक, ओम प्रकाश वर्मा जिला महामंत्री, हरिओम पांडेय, अजय पांडेय, पवन पांडेय जिला महामंत्री, फूलचंद,डॉ दिनेश तिवारी मंत्री, अवधा राम यादव जिला महामंत्री, दिग्विजय सिंह, मिल्कीपुर तहसील अध्यक्ष हृदय राम मिश्रा, राजेश मिश्रा, के.के. शुक्ला, राजेश वर्मा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश तिवारी, गुलशन सिद्दीकी, मनोज यादव, मनोज तिवारी,दीपक कुमार, अमित कुमार सिंह, दलजीत, भगवती वर्मा, राम नेत वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## चौड़ीकरण के नाम पर शहर के व्यापारियों और आम आदमियों का उत्पीड़न ना हो–डा. निर्मल खत्री

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : चौड़ीकरण के नाम पर शहर के व्यापारियों और आम आदमियों का उत्पीड़न ना हो इस बात को ध्यान में रखकर ही कोई कार्यवाही होनी चाहिए। उक्त बातें पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से जारी प्रेस नोट में कहीं। पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने प्रशासन को चेताते हुए कहा अगर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर आम आदमी या व्यापारी का प्रशासन उत्पीड़न करता है तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर इसका विरोध करेगी। श्री खत्री ने कहा कई पीढ़ियों से रह रहे लोगों और व्यापारियों को यदि उजाड़ा जाए तो उन्हें समुचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। जिन लोगों का कई पीढ़ियों से चला रहा व्यापार इस चौड़ीकरण के नाम पर प्रभावित हो उनको बसाने की भी योजना प्रशासन को बनानी चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा योगी सरकार तानाशाही तरीके से विकास का कार्य कर पूरी अयोध्या को उजाड़ देना चाहती है ,कांग्रेस जन किसी भी सूरत में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहां चुनाव पूर्व सरकार ने वादा किया था कि यदि व्यापारियों को उजाड़ा जाता है तो उन्हें समुचित मुआवजा के साथ साथ उनके बसाने की भी योजना लाई जानी चाहिये। हम प्रशासन से मांग करते हैं पहले उजाड़े जा रहे व्यापारी के व्यापार को पुनः स्थापित किया जाए तभी ध्वस्तीकरण का कार्य किया जाए।

## अलग–अलग स्थानों पर दो युवकों ने खाया जहरीला पदार्थ एक हुआ लखनऊ रेफर : एक का चल रहा जिला चिकित्सालय में उपचार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : पूराकलंदर थाना क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर दो युवकों ने खाया जहरीला पदार्थ एक हुआ लखनऊ रिवर एक का चल रहा जिला चिकित्सालय में उपचार प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित दुबे पुत्र अशोक कुमार दुबे आयु 20 वर्ष ग्राम पारा कैल थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या ने बीती रात लगभग 9:30 बजे अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया हालत गंभीर देखते हुए भाई दीपक दूबे द्वारा रात्रि 10:15 पर जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी ने हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया वहीं पूरा कैलेंडर थाना क्षेत्र में आने वाले गोपालपुर राहुल वर्मा पुत्र राजेश वर्मा आयु लगभग 22 वर्ष ने बीती रात 8:30 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया हालत गंभीर देख चाचा रवि कांत वर्मा द्वारा 9:15 बजे जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया है।

## तोड़ा गया विनय कटियार और खब्बू तिवारी के लोकार्पण का शिलापट

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : भाजपा शासन काल मे कराए गए सड़क निर्माण कार्य की शिलापट अराजक तत्वों द्वारा तोड़ने का सिलसिला अभी भी जारी है अराजक तत्वों पर कोई कार्यवाही न करने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है जिससे पूर्व विधायक के द्वारा कराए गए निर्माण कार्य का बार बार शिलापट तोड़कर अराजकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तारुन को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है । थाना क्षेत्र के घूरिटीकर मजरे युवराज पंडित का पुरवा निवासी संतोष दुबे पुत्र राधेश्याम दूबे ने थानाध्यक्ष तारुन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम सभा परसावा महोला में घूरिटीकर रामपुर भगन संपर्क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा विशेष मरम्मत कार्य कराया गया था जिसका लोकार्पण पूर्व सांसद माननीय विनय कटियार व इन्द्र प्रताप तिवारी विधायक गोसाईंगंज के द्वारा किया गया था जिसका शिलापट्ट 6 मई की रात्रि में अज्ञात उपद्रवियों द्वारा गिराकर सार्वजनिक संम्पत्ति को नुकसान पहुचाया है। चौकी प्रभारी रामपुर भगन वीरेंद्र पाल का कहना है कि मामले की जानकारी है शिलावट ठीक करवाया जा रहा है।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर ब्लडबैंक में किया गया गोष्ठी का आयोजन


सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जिला चिकित्सालय ब्लडबैंक में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीके त्रिपाठी ने उपस्थित डाक्टर, स्वास्थ्य कर्मी व आए हुए गणमान्यों को संबोधित करते हुए कहाकि आज थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों को बगैर रक्तदान किये उन्हें रक्त दिया जा रहा है,थैलेसीमिया की रोकथाम के लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.डीके त्रिपाठी ने कहाकि महिलाओं के गर्भावस्था के तीन माह के दौरान एकबार जांच अवश्य करवाना चाहिए, जिससे गर्भ में पल रहे बच्चे के बारे में पता चल सकता है कि बच्चा स्वस्थ हैं, तथा थैलेसीमिया जैसी बीमारी से मुक्त है, सीएमओ डॉ.त्रिपाठी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहाकि थैलेसीमिया से बचाव के लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है, जिला अस्पताल के वरिष्ठ एनेस्थेटिकध्प्रभारी ब्लडबैंक डॉ.आरके मिश्र ने गोष्ठी में आए हुए लोगों को थैलेसीमिया रोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कहाकि थैलेसीमिया बीमारी की जांच यदि समय रहते हो जाए तो प्रारंभिक दौर में ही थैलेसीमिया का पता चल जाता हैं,जिससे ग्रसित मरीजों



का उपचार शुरू किया जा सकता है,डॉ.मिश्र ने बताया की जनपद का ब्लडबैंक अयोध्या, प्रतापगढ़, सुलतानपुर के अतिरिक्त अन्य जनपदों के लगभग 150 थैलेसीमिया ग्रसित मरीजों को बगैर रक्तदान करवाएं खून दे रहा है, उन्होनें कहाकि जिला चिकित्सालय ब्लडबैंक ने कोविड़ काल में 800 यूनिट ब्लड कोरोना ग्रसित मरीजों को दिया था, उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्साधिक्षक, ब्लडबैंक के कर्मचारियों में लैब टेक्निशियन विजय चौधरी, धर्मेंद्र यादव, अवनीश शाह, देवनाथ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में शमशाद बाबा, कुलदीप, सन्जू,राजेश,तथा चंद्रिका, रेनू मिश्रा सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## ताजमहल में ऐसे दिखते हैं वो कमरे जिन्हें खुलवाने को दायर हुई याचिका : 1972 से पर्यटकों के लिए हैं बंद

आगरा ब्यूरो : ताजमहल के तहखाने में बने 20 कमरों को खोलने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दायर की गई है। तहखाने के जिन कमरों को खोलने के लिए याचिका दायर की गई है, वह पर्यटकों के लिए 1972 में ही बंद किए जा चुके हैं। आखिरी बार 16 साल पहले वर्ष 2006 में तत्कालीन संरक्षण सहायक मुनज्जर अली ने तहखाने के कमरों का संरक्षण सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की सिफारिश पर किया था। तब यहां दीवारों में सीलन, दरारें भरने के लिए प्वाइंटिंग और प्लास्टर का काम कराया गया। तहखाने के कमरों के लिए रास्ता चमेली फर्श पर मेहमानखाने की ओर और दूसरा मस्जिद की ओर है, जिस पर अब लोहे का जाल डालकर बंद कर दिया गया है। इन्हीं कमरों में यमुना किनारे की ओर से पहुंचा जा सकता था, जो उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी बुर्ज के पास बने हुए थे। लकड़ी के दरवाजे हटाकर ईंटों की दीवार लगा दी गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. डी दयालन की पुस्तक ताजमहल एंड इट्स कन्जरवेशन में बताया गया है कि 1976–77 में मुख्य गुंबद के नीचे तहखाने में दीवारों पर आई दरारों को भरा गया था। कई जगह सीलन आ गई थी। भूमिगत कक्षों में तथा रास्ते की मरम्मत की गई, जिसमें पुराना क्षतिग्रस्त प्लास्टर हटाकर नया प्लास्टर किया गया। गहरी दरारों को मोर्टार से भरा गया था। गैलरी की छत पर है पेंटिंग वर्ष 1652 में औरंगजेब ने ताजमहल के तहखाना ए कुर्सी हफ्तादार यानी सात आर्च का तहखाना का जिक्र किया था। यह तहखाना ब्रिटिश सरकार के रिकॉर्ड में सबसे पहले 1874 में जे डब्ल्यू एलेक्जेंडर की रिपोर्ट में आया, जिन्होंने इसे देखने के बाद सबसे पहले नक्शा बनाया। यह ब्यौरा आस्ट्रियाई इतिहासकार ईवा कोच ने अपनी पुस्तक रिवरफ्रंट गार्डन ऑफ आगरा में दिया है। उन्होंने ताजमहल के तहखाने के लिए लिखा है कि चमेली फर्श से यमुना किनारे की दो मीनारों के पास से इनका रास्ता है। लोहे की जालियों से इस रास्ते को बंद किया गया है। नीचे अंधेरा है। पर्यटकों में इस रास्ते को लेकर यह चर्चा है कि इनका रास्ता आगरा किला तक पहुंचता है, लेकिन इन सीढ़ियों का उपयोग शाहजहां नदी के रास्ते ताजमहल में आने के लिए



करते थे। नीचे जाने पर गैलरी है, जिसकी छत पर पेंटिंग है। तीन साइड में यहां गैलरी है, जिसमें सात बड़े चौंबर है, इसके साथ ही छह चौकोर कमरे हैं, जबकि चार अष्टकोणीय कमरे हैं। एक आयताकार चौंबर आपस में इनसे जुड़ा है। तहखाने से भी है मीनारों का रास्ता ताजमहल के तहखाने में कई रहस्य भी दफन हैं। ताजमहल की मुख्य गुम्मद के चारों ओर बनी मीनारों का रास्ता तहखाने से भी है। वर्तमान में तहखाने में स्थित मीनार का दरवाजा बंद है। 20 कमरों के आगे मुख्य गुंबद के ठीक नीचे का हिस्सा ईंटों से बंद किया गया है। लाल पत्थर की चौखट कभी यहां थी, जिन्हें ईटों से बंद कर दिया गया। इसके अंदर कमरे हैं या कुछ और, इसका ब्यौरा एएसआई अधिकारियों के पास भी नहीं है। पूर्व संरक्षण सहायक ताजमहल डॉ. आरके दीक्षित ने बताया कि ताजमहल ही नहीं, बल्कि एत्माद्दौला, रामबाग समेत यमुना किनारे के जो स्मारक मुगलिया दौर में बने हैं, उन सभी में ऐसे तहखाने और कमरे बने हैं। यह लोड शेयरिंग करने के काम आते थे ताकि स्मारक का भारी वजन आर्च और डाट के खोखले चौंबर के जरिए आपस में बंट सके।एएसआई के रिटायर्ड इंजीनियर डॉ. एमसी शर्मा ने कहा कि ताज की मीनारों से आत्महत्या करने और चमेली फर्श के नीचे जाने में घटनाओं के कारण सुरक्षा कारणों से इन्हें बंद कर दिया गया। तहखाने का संरक्षण करने में सैकड़ों मजदूर लगे हैं। समय–समय पर सफाई और मरम्मत की गई है। एक–एक हिस्से की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई गई थी।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न भवनों के साथ–साथ परिसर में चल रही मरम्मत रंगाई पुताई व साफ सफाई का किया स्थलीय निरीक्षण

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न भवनों के साथ–साथ परिसर में चल रही मरम्मत रंगाई पुताई व साफ सफाई का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन, चकबंदी अभिलेखागार भवन, गार्डरूम, नजूल ऑफिस/कोर्ट में चल रहे मरम्मत कार्य का जायजा लिया और नायब नाजिर को निर्देश दिए कि परिसर के समस्त भवनों को नियमित साफ सुथरा रखने हेतु समय–समय पर छतों की सफाई कराये जिससे कमरों में सीलन न आने पाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मरम्मत कार्य व भवनों की रंगाई में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने चकबंदी अभिलेखागार में रखे गए अभिलेखों को रंगाई पुताई कार्य पूर्ण होने के उपरांत व्यवस्थित ढंग से रखने तथा अभिलेखागार के पीछे खाली स्थान की साफ सफाई कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीलिंग ऑफिस, वेयरहाउस, ड्रग इंस्पेक्टर ऑफिस, स्टोर रूम आदि का भी भ्रमण कर भवनों व उसके आसपास सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा भवनों की अपेक्षित मरम्मत व रंगाई पुताई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गार्डरूम व नजूल ऑफिस के बगल स्थित शौचालयों का मरम्मत कराकर संचालित करने व नियमित साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। गार्ड रूम के पीछे के बरामदे की भी साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनरेटर रूम व उसके आसपास स्थित दुकानों को (दुकानदार द्वारा) ठीक कराने व जनरेटर रूम की भी रंगाई पुताई कराने के निर्देश नाजिर को दिए। उन्होंने अंबेडकर पार्क के पीछे लगे वाटर एटीएम को शीघ्र ही क्रियाशील कराने व आसपास सफाई कराने के लिए कहा। वाहन चालक संघ कक्ष की भी मरम्मत/साफ–सफाई व रंगाई पुताई कराने के निर्देश नाजिर को दिए। उन्होंने नाजिर को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि परिसर की समस्त भवनों के छतो की नियमित साफ–सफाई की जाए। संपूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर व उसमें स्थित भवनों को साफ सुथरा रखा जाए।

## सड़क पटरी पर अवैध कब्जा से मुक्ति दिलाते प्रशासन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : चौक तिनदरे से बजाजा, मोतीबाग रोड पर पैराडाईज सिनेमा तक पटरियों पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर चाट, मैंगो शेक, गन्ने के रस, क्राकरी, रेडीमेड, बिसातखाने, के दुकानदारों ने ठेले और मेजो को लगा कर सड़क के किनारे की पटरियों के आस्तित्व को समाप्त कर दिया है। इस वजह से सड़क पर ही लोग स्कूटर, मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिससे सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक इस सड़क पर जाम लगा रहता है। महोदय मात्र 50 अतिक्रमण कारी दुकानदारों के अवैध अतिक्रमण से नगर की 50 हजार से अधिक जनता पूरे दिन हलकान और परेशान होती रहती है। इस सड़क पर बजाजा, अकब बजाजा, मोतीबाग क्षेत्र के दुकानदार इस अतिक्रमण एवं जाम की समस्या से बुरी तरह परेशान है,और उनका व्यापार एवं रोजगार प्रभावित हो रहा है। आपसे अनुरोध है कि इस मार्ग पर पटरियों से अतिक्रमण हटाने की कृपा करें, जिससे आम जनता और व्यापारियों को राहत मिल सके।

## दबंगो के हौसले बुलंद एक परिवार पर किया जानलेवा हमला पीड़ित परिवार मिला एस0एस0पी0 से कार्यवाही की किया मांग

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जनपद के थाना पूराकलंदर क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने जमीन पर रह रहे परिवार के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया ।इस हमले में पीड़ित परिवार की ओर से कई लोगों को गंभीर चोटें आई है ।ये सारी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई हैं ।दरअसल पूरा मामला थाना पूराकलंदर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर गॉव में एक परिवार की पुश्तैनी जमीन है ।जिस पर दबंग विपक्षी जबरन कब्जा करना चाहते हैं ।पीड़ित और उनके परिवार को डराने के लिए पीड़ित के घर के पास बंदूक से कई राउंड फायर भी किए जिससे पूरा परिवार डर से सदमे में है ।जिसको लेकर आज पीड़ित परिवार एसएसपी कार्यालय पुलिस लाइन में दबंगों के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र भी दिया है ।वही पीड़ित अंगद सिंह ने बताया कि विपक्षी आए दिन कुछ ना कुछ विवाद करते रहते हैं ।2 तारिख को अचानक से हमारे परिवार के ऊपर बंदूक और फावड़े लेकर हमला कर दिया जिससे हमारे परिवार के कई सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं कई बार थाना पूराकलंदर पर शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है ।तो वही पीड़ित परिवार के शुभम सिंह ने बताया कि यह 2 तारीख की घटना है गांव के कुछ लोग और कुछ अज्ञात लोग अचानक आकर हमारे परिवार पर हमला कर दिए मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं आए दिन हमारे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं ।इन्हीं सब शिकायतों को लेकर आज हमने एसएसपी शैलेश पांडे से मुलाकात की उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा अयोध्या में प्रिंटर मशीन लंबे अरसे से खराब

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा अयोध्या में प्रिंटर मशीन लंबे अरसे से खराब है, जिसके कारण खाताधारकों की पासबुकों में इंट्री नहीं हो पाती है। यूनियन बैंक का एटीएम भी खराब है,जिससे लोग पैसे नहीं निकाल पा रहे हैं उन्हें बैंक में जाकर विड्राल अथवा चेक भरकर पैसा निकालना पड़ता है। तमाम खाताधारकों के मोबाइल पर धन निकासी व जमा करने अथवा बैलेंस का मैसेज भी नहीं आता जबकि उनका मोबाइल काफी दिनों से दर्ज है। इसी मोबाइल पर पहले मैसेज आया करते थे, इधर करीब 6 महीना/साल भर से मैसेज आना बंद हो गया। इसका भी कोई समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं को सुविधाऐं पहुंचाना बैंक का प्रथम कर्तव्य है बैंक के अधिकारियों से अनुरोध है इन कठिनाइयों को दूर कराने का कष्ट करें जिससे खाताधारकों का अच्छा संबंध बैंक से बना रहे।

## आंधी–पानी से कई गांवों में 16 घंटे तक गुल रही बिजली

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शनिवार शाम चली आंधी से विकासखंड अमानीगंज में कई स्थानों पर बिजली बाधित हो गई। कई गांवों में 16 घंटे बाद आपूर्ति सुचारु हुई। जबकि जंगल की लाइन 24 घंटे बाद भी ठीक नहीं हो पाई थी। बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दैनिक कार्य भी बिजली न आने से प्रभावित हुए। आंधी के चलते नगर पंचायत कुमारगंज की विद्युत आपूर्ति 8:00 से 10:00 घंटे तक बाधित रही। इसके अलावा , विनायकपुर , तालढोली, तुलापुर, सरौली, जयराजपुर व गहनाग अमानीगंज बिजली उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले करीब दो दर्जन गांवों में आपूर्ति करीब 16 घंटे तक बाधित रही। जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि जिन उपकेंद्रों पर विद्युत लाइनें कम प्रभावित हुई वहां आपूर्ति सुचारू कर दी गई। जबकि जंगल की आपूर्ति 24 घंटे बाद भी सुचारू नहीं हो पाई। जेई रजनीश वर्मा का कहना है कि तेज हवा के कारण आपूर्ति बाधित रही। टाउन की लाइन कम प्रभावित थी। इसलिए लाइन डाइवर्ट कर आपूर्ति को सुचारु कराया गया। अमानीगंज विकासखंड क्षेत्र के दखौड़ी, अमानीगंज, कोटिया, डीलीसरैया, अटेशर सुबह आपूर्ति सुचारु हुई। इसके अलावा रामनगर, गद्दोपुर , मठिया में रात 12 बजे के बाद बिजली आपूर्ति सुचारु हुई। वहीं पर सिद्ध पीठ देवस्थान बाबा श्री गहनाग देव पर खबर लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति सुचारु नही हुई।

## बेतहाशा बढ़ती बेरोजगारी देश के युवाओं के साथ धोखा–जनौस

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी अयोध्या द्वारा बेरोजगारी ,अशिक्षा,मंहगाई और ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ आज प्रधानमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र कउ को जिलाध्यक्ष धीरज द्विवेदी व सचिव शेरबहादुर शेर के नेतृत्व में सौपा। जनौस जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज पूरे देश मे बेरोजगारी एक बड़ी समस्या का रूप धारण कर चुकी है ।पढ़े लिखे युवा रोजगार के लिए दर बदर भटक रहे है ।खास तौर सेना को भी निजी हांथो में देने की योजना सरकार ने बना डाला है ।करीब करोड़ो युवा रोज सेना में भर्ती के लिए तैयारी करते है बिना किसी खास सुविधा के और तैयारी करते करते और सरकार सेना में भर्ती नही करती और युवा ओवर एज हो जाते है। और सरकार हाँथ पर हाँथ धरे बैठी है रहती है ।अब सरकार जाग कर युवाओं अपने रोजगार व अधिकार के लड़ने के लिए संघर्ष करने के लिए आगे आना होगा। जिलासचिव ने सरकार द्वारा मंहगाई और रसोई गैस के मूल्य में 50 रु प्रति घरेलू सिलेंडर की ताजा वृद्धि की आलोचना की है। जिस रफ्तार से मूल्यवृद्धि हो रही है, वह चिंताजनक है। सरकार कीमतों पर नियंत्रण रखे और मूल्यवृद्धि वापस ले। इस अवसर पर शिवधर द्विवेदी, मुकेश श्रीवास्तव, विनोद सिंह, महावीर पाल, शिवधर द्विवेदी, धीरज द्विवेदी, आनंद सिंह, शोएब, साहिल राव, सिराजुद्दीन, साहिल पठान और कॉमरेड सुभाष शामिल रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा मार्च में होगी : 10वीं व 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं एक से 15 फरवरी 2023 तक

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार यूपी बोर्ड के स्कूलों में वर्तमान सत्र 2022–23 में सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम 20 जनवरी 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही दसवीं व 12वीं कक्षाओं की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं जनवरी 2023 के तीसरे सप्ताह में और प्री–बोर्ड की लिखित परीक्षाएं 1 से 15 फरवरी 2023 के बीच आयोजित की जाएंगी। वहीं बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 से 28 फरवरी 2023 तक और बोर्ड परीक्षाएं मार्च 2023 में आयोजित की जाएंगी। वहीं वर्तमान सत्र में नौवीं व दसवीं कक्षाओं की लिखित परीक्षा प्रश्नपत्र के नए प्रारूप के आधार पर होगी और इसके प्रश्न पत्र में दो खंड होंगे। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सोमवार को कैलेंडर जारी पूरे सत्र की तय की गईं गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में नौवीं व 11वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं और दसवीं व 12वीं की प्री–बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन व उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से 28 फरवरी 2023 तक किया जाएगा। यही नहीं इसी अवधि में नौवीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं के अंक भी वेबसाइट पर अपलोड होंगे। जुलाई से होंगी मासिक परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मासिक परीक्षाएं जुलाई, नवंबर 2022 के अंतिम सप्ताह व फरवरी 2023 के प्रथम सप्ताह में होंगी। वहीं वर्णनात्मक मासिक परीक्षाएं अगस्त व नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। अर्धवार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं सितंबर के अंतिम सप्ताह में व अर्धवार्षिक लिखित परीक्षाएं अक्टूबर महीने केद्वितीय व तृतीय सप्ताह में आयोजित होंगी। अर्धवार्षिक परीक्षाओं के अंक नवंबर के प्रथम सप्ताह तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। नौवीं, दसवीं का ऐसा होगा नया पेपर पैटर्न वर्तमान सत्र से नौवीं व दसवीं कक्षाओं की लिखित परीक्षाएं नए प्रारूप के आधार पर होंगी, जिसमें प्रश्नपत्र के दो खंड होंगे। प्रथम खंड में पूर्णांक के 1/3 प्रश्न बहुविकल्पीय व द्वितीय खंड में 2/3 प्रश्न वर्णनात्मक होंगे। प्रथम खंड में पूर्णांक के 30 प्रतिशत अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिनका उत्तर ओएमआर शीट पर देना होगा। वहीं द्वितीय खंड में पूर्णांक के 70 प्रतिशत अंकों के वर्णनात्मक प्रश्न होंगे, जिनका उत्तर, उत्तर पुस्तिका पर दिया जाएगा।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।